# पौने तीन साल की बेटी है, शादी जब चाहूंगी कर लूंगी: माही


देव डी, गुलाल, साहब बीवी गैंगस्टर और दबंग जैसी सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्मों में अपने बेहतरीन ऐक्टिंग से दर्शकों के बीच एक अलग और शानदार जगह बनाने वाली अभिनेत्री माही गिल इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के प्रमोशन में जुटी हैं। इसी दौरान उन्होंने अपनी जिंदगी से जुड़ा बड़ा खुलासा किया और बताया कि उनकी पौने तीन साल की एक बेटी भी है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ लिव-इन में रहती हैं और निकट भविष्य में शादी भी कर सकती हैं।



माही ने बताया करीब तीन साल पहले उन्होंने अपनी बेटी को जन्म दिया था और इस बात को कभी भी छिपाने की कोशिश भी नहीं की। माही कहती हैं, मुझे कभी भी किसी मीडिया वाले ने सवाल ही नहीं किया। न किसी ने पूछा, न मैंने बताया। आज पहली बार आपने बात की तो मैंने बता दिया। मुझे बहुत गर्व है कि मैं एक बेटी की मां हूं। हां, मैंने अब तक शादी नहीं की है, जब लगेगा कि शादी करना है तो कर लूंगी। इस साल अगस्त में मेरी बेटी 3 साल की हो जाएगी। शादी को लेकर शुरू हुए एक सवाल पर माही ने जब अपनी बात कहना शुरू किया तो खुद ही बताने लगीं।

**शादी की क्या प्लानिंग है, कब करेंगी?:** क्या करना है शादी करके। क्या जरूरत है शादी की। ऐसे खुश हैं न। मुझे लगता है बिना शादी के रहा जा सकता है। यह सब अपनी-अपनी सोच और समय पर निर्भर है। बिना शादी के फैमिली भी बनाई जा सकती है और बच्चे भी किए जा सकते हैं। यह सबकी अपनी पर्सनल सोच हो सकती है। शादी के बिना बच्चों के होने में कोई दिक्कत नहीं होना चाहिए, मुझे नहीं लगता इसमें कोई समस्या है। मैं तो बिल्कुल बिना शादी के बच्चे की मां बनने को तैयार भी हूं। मुझे लगता है हर किसी की अपनी लाइफ है, हर किसी के अपने सिद्धांत हैं, जिंदगी जीने के, हमें हर किसी की सोच की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। शादी बहुत खूबसूरत चीज है, लेकिन करना या न करना व्यक्तिगत चुनाव है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**कैसा लाइफ पार्टनर चाहती हैं?:** जो मेरा ख्याल रखे, प्यार करे, बुद्धिमान हो। मुझे मेरी आजादी बहुत महत्वपूर्ण लगती है, उसका फ्रीडम का ध्यान रखे, अगर फ्रीडम नहीं मिलेगी तो मैं कुछ नहीं कर पाऊंगी। मुझे ऐसा साथी मिल चुका है। मैं सिंगल नहीं हूं। प्यार मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत विश्वास है। प्यार में होना बहुत बेहतरीन बात है। दरअसल मेरे बॉय फ्रेंड गोवा में बिजनस करते हैं, इसलिए मेरा गोवा जाना भी बहुत होता है। मैंने अभी तक शादी नहीं की है। हम दोनों लिव इन रिलेशन में हैं। शादी बाद में करेंगे। मेरी एक बेटी भी है, जो लगभग 3 साल की है। बेटी का नाम वेरोनिका है। मेरी बेटी का ध्यान मेरी आंटी रखती हैं। बिटिया मेरे साथ मुंबई में ही रहती है।

**फिल्म फैमिली ऑफ ठाकुरगंज के बारे में कुछ बताइए?:** दबंग बीवी का किरदार निभा रही हूं, ऐसी बीवी जो बहुत दबंगई से रहती है और अपने सभी फैसले खुद करती है। उसकी एक बेटी है, एक सास है, सास के साथ उसकी बहुत ही इंट्रेस्टिंग केमेस्ट्री है। बहुत ही फैमिली टाइप की कहानी है, 2 भाइयों की कहानी के साथ-साथ मेरे किरदार का अनोखा रोमांटिक ऐंगल भी है, ऐसा प्यार पहले कभी भी मेरे हिस्से में नहीं आया है।

**असल जिंदगी में रंगबाजी बनाए रखने के लिए क्या करती हैं?:** असल जिंदगी में रंगबाजी बनाए रखने के लिए स्टैंड लेती हूं। जहां भी ऐसा लगता है कि मुझे स्टैंड लेना है, वहां जरूर लेती हूं। अपने सिद्धांतों पर चलती हूं। मैं संकोची बहुत हूं, इसलिए बहुत ज्यादा लोगों के बीच उठना-बैठना भी नहीं होता। जैसे ही मेरा काम खत्म होता है, मैं घर भागती हूं। मैं अपने इस व्यवहार को खुद भी गलत मानती हूं। बॉलिवुड में काम करती हूं तो लोगों के बीच व्यवहार बना कर रखना चाहिए, पार्टियों में जाना चाहिए, कई बार लगता है कि मैं गलत फील्ड में तो नहीं आ गई। अगर कभी किसी पार्टी में भी जाती हूं तो अपने शर्मीले स्वभाव की वजह से कोना पकड़ कर बैठ जाती हूं। पार्टियों में रंगबाजी नहीं दिखाती हूं।

# पूल साइड रिलैक्स करती दिखीं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों छुट्टियों पर हैं. फुरसत के पलों में प्रियंका चोपड़ा आराम से पूल साइड रिलैक्स कर रही हैं. लेकिन उनकी तस्वीरें ऐसी हैं कि जो इन्हें देखेगा वो रिलैक्स करना भूल जाएगा. अब क्या ही कहें प्रियंका का स्टाइल ही ऐसा है. प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर ये तस्वीरें शेयर कीं. इनमें प्रियंका पूल साइड चिल करती नजर आ रही हैं. प्रियंका ने जिस अंदाज में ये तस्वीरें खिंचवाई हैं. वह किसी को भी मात दे सकती हैं. स्टाइल के मामले में तो उनका गेम अब एक लेवल ऊपर ही चलता है.

इन पूल साइड पिक्स को शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, छुट्टियों का बेस्ट इस्तेमाल कि पति आपकी तस्वीरें क्लिक करे. प्रियंका की ये पोस्ट इस कदर वायरल हो रही है कि फैन्स को तो छोड़िए देसी गर्ल का अंदाज देखकर बॉलीवुड हसीनाएं भी फिदा हो रही हैं. ईशा गुप्ता जो कि खुद अपनी हॉट तस्वीरों के लिए मशहूर हैं. उन्होंने प्रियंका की फोटो पर फायर स्टीकर बनाया. प्रियंका चोपड़ा के एक फैनपेज ने लिखा, थैंक्यू मिस्टर जोनास. प्रियंका चोपड़ा स्टाइल नाम से इंस्टाग्राम चला रहे एक यूजर ने लिखा, मैं सुबह-सुबह इतनी गर्मी के लिए तैयार नहीं था. प्रियंका मुझ पर थोड़ी दया करें. वहीं सार्थक ने लिखा, काइली जेनर के लक्षण. हर कोई प्रियंका की इस तस्वीर की तारीफ कर रहा है. शायद ही कोई हो जो इसे इग्नोर कर पाया हो. इन तस्वीरों को अब तक 24 लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं.

ज़रा तस्वीर से आगे बढ़कर प्रोफेशनल फ्रंट पर बात करें तो प्रियंका जल्द हिंदी फिल्म द स्काई इज़ पिंक में नजर आएंगी. इस फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तर और ज़ायरा वसीम ने काम किया है. जी हां वही ज़ायरा जिन्होंने हाल में धर्म के नाम पर बॉलीवुड छोड़ने का फैसला लिया है.




# बुमराह को डेट करने की खबरों पर अभिनेत्री अनुपमा परमेस्वरम ने तोड़ी चुप्पी



फिल्मी सितारे और क्रिकेटरों के बीच दोस्ती, प्यार और शादी का पुराना इतिहास रहा है. मंसूर अली खान पटौदी और शर्मिला टैगोर से लेकर विराट कोहली और अनुष्का शर्मा तक, ऐसी कई जोड़ियां मिसाल हैं, जो ग्लैमर और क्रिकेट की देन है. यही वजह है कि जब भी इन दो क्षेत्रों के सितारे एक दूसरे से मिलते हैं या किसी भी तरह से जुड़ते हैं तो अफवाहों और कयासों का दौर चल पड़ता है.

इश्क और मुहब्बत की इस तरह की अफवाहों की जद में अब टीम इंडिया के दिग्गज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और साउथ की एक्ट्रेस अनुपमा परमेस्वरम भी आ गए हैं. हाल में रिपोर्ट्स आई थीं, कि दोनों सितारे एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. हालांकि अभिनेभी अनुपमा ने बुमराह से डेटिंग की खबरों को कोरी अफवाह करार दे दिया है.

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह और अनुपमा की डेटिंग की खबरें उस वक्त आनी शुरू हुईं, जब अभिनेत्री ने बुमराह को ट्विटर पर फॉलो किया. उनके महज़ फोलो करने के बाद से अफेयर की खबरें आने लगीं. हालांकि अब अनुपमा ने साफ कर दिया है कि वो बुमराह की सिर्फ अच्छी दोस्त हैं और वो एक दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं.